पत्रिका

Ajmer Nagaur Daak, 14/04/2022, Page 19

तबीजी अजमेर का कात्यासनी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर

'पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक को अपनाकर बाजार में जीरे की अधिक कीमत प्राप्त करें किसान'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मेड़ता सिटी. समीपस्थ कात्यासनी गांव में बुधवार को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र तबीजी अजमेर की ओर से एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण और आगत वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान तबीजी के वैज्ञानिकों ने किसानों को पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों के माध्यम से अपने जीरा उत्पादन की बाजार में अधिक कीमत प्राप्त करने की जानकारी दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बीज मसाला अनुसंधान केंद्र और किसान बायोटेक हब जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में चल रहा है। तबीजी अजमेर के तत्वावधान में हुए किसान प्रशिक्षण एवं आगत वितरण कार्यक्रम में केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुमेर सिंह मीणा ने किसानों को जीरा उत्पादन की उन्नत प्रौद्योगिकी की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. मुरलीधर मीणा ने जीरा में पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों को अपनाकर अपने उत्पाद की बाजार में अधिक कीमत प्राप्त करने की तकनीकीओं के बारे में बताया। प्रोजेक्ट के तहत प्रथम पंक्ति प्रदर्शन लगाने वाले किसानों को तिरपाल, वर्मीबेड स्प्रे मशीन और सोलर रिचार्ज किसान टॉर्च वितरित की गई। प्रशिक्षण शिविर में तकनीकी अधिकारी प्रमोद अग्रवाल ने संस्थान की ओर से किसानों के साथ मिलकर बीज उत्पादन प्रोग्राम चलाने के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही काश्तकारों को इससे जुड़कर उन्नत प्रजाति के बीज उत्पादन में भाग लेकर अधिक आमदनी प्राप्त करते हुए बीजीय मसाला किसानों को उन्नत बीज की उपलब्धता में सहयोग करने की बात कही।

मेड़ता सिटी. किसानों को वर्मीबेड स्प्रे मशीन देते हुए तबीजी के अधिकारी।

© 2022 All Rights Reserved. Powered by *Summit (http://www.summitindia.com)*